अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में संगोष्ठी का आयोजन

आज दिनांक 19.08.2019 को अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ एवं राजीव गाँधी स्टडी सर्कल हरियाणा के संयुक्त प्रयास से महाविद्यालय के सभागार में एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका विषय ''भारतीय राष्ट्रीय निर्माण और राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी'' था। अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता जी की सतत प्रेरणा से महाविद्यालय में गाँधीजी की 150वीं जयंती मनाई जा रही है और इस कड़ी में इस संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में प्रो0 सतीश रॉय, राष्ट्रीय समन्वयक, राजीव गाँधी स्टडी सर्कल हरियाणा एवं विशिष्ट अतिथि डॉ. सुरेन्द्र शर्मा, राज्य समन्वयक, राजीव गाँधी स्टडी सर्कल हरियाणा पधारे। संगोष्ठी की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कान्त गुप्ता जी ने की। सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन से कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया एवं प्राचार्य महोदय ने अतिथियों को पौधा भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया। प्राचार्य महोदय ने अपने वक्तव्य में कहा कि महात्मा गाँधीजी के विचार हर युग में प्रासांगिक है और राष्ट्रपिता के रूप में वे विश्वभर में विख्यात हैं। मुख्य वक्ता प्रो0 सतीश रॉय ने अपने वक्तव्य में आधुनिक इतिहास में गाँधीजी के जन सुधारवादी आंदोलन का प्रभाव, स्वदेशी प्रचार, अहिंसा नीति, सत्याग्रह के स्वरूप एवं उनके राष्ट्रीय निर्माण में योगदान पर प्रकाश डाला। विशेष अतिथि डॉ. सुरेन्द्र शर्मा ने कहा कि जन साधारण को एक सूत्र में पिरोकर जन चेतना जागृत करने और राष्ट्रीय निर्माण में गाँधीजी का महत्वपूर्ण योगदान है जिसे भुलाया नहीं जा सकता। राजीव गाँधी स्टडी सर्कल हरियाणा की तरफ से अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण

कान्त गुप्ता जी को शिक्षा में अमूल्य योगदान हेतु प्रशस्ति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। अंत में इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह जी ने सभी उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापन किया और प्राचार्य महोदय ने अतिथियों को स्मृति चिह्न भेंट किए। इस अवसर पर डॉ. एजाज अहमद, एशोसिएट प्रोफेसर, वाई.एम.डी. कॉलेज नूंह, साबिल खान, प्रधान हरियाणा हज कल्याण समिति एवं राहुल कौशिक खास मेहमान के रूप में उपस्थित रहे। मंच संचालन इतिहास विभाग की सुप्रिया ढांडा ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. के.एल. कौशिक एवं डॉ.रेखा सैन उपस्थित थे।